मेरा बाबा दौड़ा आता है | By Anand Sharma

जब जब भक्त पड़े मुश्किल में
श्याम नहीं है रुकता
मेरा बाबा दौड़ा आता है
लीले पे चढ़ आता है
मेरा बाबा दौड़ा आता है

जब भी नैया इन लेहरो में डगमग डगमग डोले
श्याम संभाले इस नैया को ना खाये हिचकोले
चाहे आंधी तूफ़ान आये पार नैया वो लगाता है
मेरा बाबा दौड़ा आता है

खाली झोली लेकर तेरे डर पे जो आता
अपना सेठ है खाटू वाला झोलियाँ सबकी भरता
चाहे मांगो या ना मांगो वो तो समझ ही जाता है
मेरा बाबा दौड़ा आता है

हाथ बढाए जिन भक्तों ने उसका साथ ना छोड़ा
संग संग उसके चला ये बाबा मुंह कभी ना मोड़ा
अनिल आनंद शरण तेरी बाबा कृपा बरसाता है
मेरा बाबा दौड़ा आता है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%8c%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%86%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-anand-sharma/